प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. दिशोम गुरु शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर रांची पहुंचने पर उमड़ा जनसैलाब, मोरहाबादी आवास पर लोगों ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि, रामगढ़, गिरिडीह और दुमका समेत कई जिलों में श्रद्धांजलि सभाएं आयोजित।
2. आज विधानसभा परिसर में राजकीय सम्मान के साथ होगी स्वर्गीय शिबू सोरेन की अंतिम विदाई, पैतृक गांव नेमरा में होगा अंतिम संस्कार।
3. सरायकेला–खरसावां पुलिस ने ईंट भट्ठा व्यवसायी के बेटे के अपहरण मामले में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, एसआईटी ने छापेमारी कर देसी पिस्तौल और छह गोलियां की बरामद।
4. मौसम विभाग ने आज राज्यभर में तेज हवा और वज्रपात का जारी किया येलो अलर्ट, रांची समेत कई जिलों में रुक–रुक कर बारिश का जताया पूर्वानुमान।

*******************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर कल शाम रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचा जहां से मोरहाबादी स्थित उनके सरकारी आवास ले जाया गया। हजारों की संख्या में लोगों ने सड़क के दोनों ओर खड़े होकर उन्हें अंतिम नमन किया। उनके मोरहाबादी स्थित आवास में मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व मुख्यमंत्री, वरीय अधिकारी और आमजन ने उन्हें नम आंखों से अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। देर रात तक हजारों की संख्या में लोग अंतिम दर्शन के लिए मोरहाबादी आवास में उपस्थित रहे।

आज सुबह 9 बजे विधानसभा परिसर में उन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी। इसके बाद अंत्येष्टि उनके पैतृक गांव नेमरा (रामगढ़) में संपन्न होगी। उनके छोटे बेटे और दुमका के विधायक बसंत सोरेन उन्हें मुखाग्नि देंगे। अंतिम संस्कार में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई गणमान्य शामिल होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल अस्पताल में दिशोम गुरु के अंतिम दर्शन करने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी।

*******************

इस बीच सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने शिबू सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने स्वर्गीय शिबू सोरेन को झारखंड आंदोलन का प्रणेता बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन सभी राजनीतिक विचारधाराओं से ऊपर उठकर सभी से प्रेम और सम्मान के साथ व्यवहार करते थे और उनका निधन पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है।

*******************

रामगढ़ जिले के नेमरा गांव में दिशोम गुरु के निधन पर शोक की लहर है। आज होने वाले उनकी अंत्येष्टि को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि गुरुजी झारखंड की आत्मा थे और उनका जाना आम जनमानस और पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है।

*******************

गिरिडीह जिले में भी दिवंगत नेता के निधन पर शोक की लहर है और कल समाहरणालय परिसर में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। झामुमो कार्यालय में भी कार्यकर्ताओं ने गुरुजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

*******************

इधर दुमका स्थित संताल परगना प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के सभागार में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर शोकसभा और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। प्रमंडलीय आयुक्त

लालचन्द डाडेल की अध्यक्षता में आयोजित सभा में अधिकारियों–कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

*******************

स्वर्गीय शिबू सोरेन के निधन पर पूरे राज्य में तीन दिनों का राजकीय शोक घोषित किया गया है। साथ ही सभी सरकारी कार्यालयों में आज तक के लिए अवकाश की घोषणा कर दी गयी है। रांची के अधिकांश स्कूलों ने भी आज स्कूल बंद रखने की घोषणा की है। इधर, झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही भी अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गयी है।

*******************

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारतीय क्षेत्र पर चीन के कब्जे संबंधी टिप्पणी की आलोचना की है। नई दिल्ली में कल श्री रिजिजू ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने श्री गांधी के विरूद्ध मानहानि के एक मामले में उनके निराधार दावे पर कड़ी टिप्पणी की है। श्री रिजिजू ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की इस तरह की कड़ी टिप्पणी उचित है। श्री रिजिजू ने कहा कि श्री गांधी की ऐसी टिप्पणी राष्ट्र के लिए अत्यंत हानिकारक है।

*******************

सरायकेला–खरसावां जिले के सीनी ओपी क्षेत्र अंतर्गत कमालपुर गांव में ईंट भट्ठा व्यवसायी के पुत्र के अपहरण मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत के निर्देश पर गठित एसआईटी ने छापेमारी कर इनकी गिरफ्तारी की और आरोपियों के पास से एक देसी पिस्तौल और छह गोली बरामद की गई है।

*******************

लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र में कांवर यात्रा से लौट रहे दो युवकों की स्कूटी को एक वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

*******************

गोड्डा जिले के 20 सदस्यों वाले आदिवासी बुनकर एसएचजी आज कई परिवारों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं।

*******************

मौसम विभाग ने रांची, गुमला, लोहरदगा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां सहित कई जिलों में आज वज्रपात की आशंका जताई है। साथ ही राज्यभर में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

*******************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने दिशोम गुरू शिबू सोरेन के निधन की खबर को अपने पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है–नहीं रहे दिशोम गुरू, नेमरा में अंत्येष्टि आज श्रद्धांजलि देने के लिए देश भर से जुटेंगे नेता।

दैनिक जागरण लिखता है हमेशा याद आएंगे गुरूजी, वे संघर्ष की मिसाल।

हिन्दुस्तान ने झारखंड विधानसभा में शोक प्रस्ताव के बाद झारखंड विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं सावन की अंतिम सोमवारी पर तीन लाख से अधिक कांवरियों से किया बाबा का जलाभिषेक।

********************